



# कितनी मिठाई, किसने खायी?



**कितनी मिठाई किसने खाई?**

इस पुस्तक में...

सुमी के जन्मदिन की पार्टी में ‘एक पंथ दो काज’ को होते देखा! पार्टी तो हुई ही, साथ ही सुमी और उसके दोस्तों ने गिनती का अभ्यास भी कर लिया। गिनती करने में कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। गिनती करने का मकसद है यह पता लगाना कि ‘कितने’ हैं। गिनती करते हुए हर एक चीज़ को एक बार ही गिनना होता है। समूह में रखी चीजों की गिनती कहीं से भी शुरू की जा सकती है।

2-2 या 3-3 के समूहों में गिनना, गिनती का अगला पड़ाव है। शिक्षक कहानी पर कार्य कराने से पहले बच्चों को खुद ठोस वस्तुओं के साथ गिनती का कार्य करवाएं। गणित की प्रारम्भिक अवधारणाओं को सीखने में ठोस वस्तुओं से शुरुआत करना आवश्यक होता है।

सुमी और उसके दोस्तों ने भी प्लेट, ग्लास, समोसे, गुलाबजामुन आदि सारी चीजें गिनते हुए अपनी गिनती की समझ को दुरुस्त किया। बच्चों, आप सब भी अब गिनती करने का कोई मौका हाथ से न जाने देना!

Copyright © 2024 Vikramshila Education Resource Society
All rights reserved.



माँ, क्या मैं भी तैयार हो जाऊँ?
हाँ सुमी, जन्मदिन की पार्टी की तैयारियाँ पूरी हो गई हैं। 5 बजे तुम्हारे दोस्त आ जाएंगे !
HAPPY BIRTHDAY


सुमी, अगर सभी दोस्त आ गए हैं, तो केक काटें?
HAPPY BIRTHDAY
देखती हूँ माँ!


HAPPY BIRTHDAY
माँ, मैं आपकी मदद करती हूँ।
मैं भी मदद करूंगा।
और मैं भी!
चलो अयान और रेशमी, हम मिलकर खाना परोसेंगे!


सुमी, कितने प्लेट चाहिए?
अयान जरा देखो हम सब कितने हैं?
HAPPY BIRTHDAY
इसके लिए तो हमे गिनती करनी होगी।



एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह
अरे नहीं अयान, तुमने सभी को नहीं गिना !
HAPPY BIRTHDAY
1
2
3
4
5
6
हर एक को एक बार गिनना जरूरी होता है।


अच्छा मैं समझ गया! एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह, सात, आठ!
HAPPY BIRTHDAY
1
2
3
4
5
6
7
8
बिल्कुल सही! और जितने पर रुके, कुल उतने ही हैं! यानि आठ !


सुमी, हमें 8 प्लेट लगानी हैं।
अच्छा अयान, मैं प्लेट गिनती हूँ- एक, दो, तीन, चार...
नहीं! एक-एक प्लेट को निकालते हुए गिनो और यहाँ टेबल पर रखो!
4
3
2
1
बिल्कुल ठीक रेशमी! गिनी हुई प्लेट को अलग करने से गिनती में गलती नहीं होगी।


एक, दो,
तीन, चार..
एक ही तरफ से गिनो नहीं तो
गिनती बिगड़ जाएगी!
एक, दो,
तीन ...


हम किसी भी तरफ और कहीं से भी गिन सकते हैं। बस ध्यान इस बात का रखना है कि एक प्लेट की एक ही बार गिनती हो।
1 2 3 4 5 6 7 8...
1 2 3 4 5 6 7 8...


एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह, सात, आठ - ये हो गए आठ गिलास!
एक, दो, तीन, चार, पाँच, छह, सात, आठ - हाँ अयान, ये भी हो गए आठ गिलास!
8 7 6 5 4 3 2 1
1 2 3 4 5 6 7 8


हाँ हम ऐसे भी गिन सकते हैं!
और ऐसे भी!
1
8
5
7
6
2
6
3
4
5
3
7
1
8
4
2



हम ऐसे भी गिन सकते हैं - दो, चार, छह, आठ!
और दूसरी ओर से, ऐसे भी ! दो, चार, छह, आठ !
6
2
8
2
6
4
4
8


अरे! प्लेट तो खत्म हो गए और हमारे लिए बचे ही नहीं।
हमने खुद को तो गिना ही नहीं!
हाँ, अयान, चाचीजी, तुम और मैं–एक, दो, तीन, चार!
1
2
3
4



रेशमी, 8 बज गए।
हम 4 बजे घर से चले थे।
अरे हाँ, समय का पता ही नहीं चला। पूरे 4 घंटे बीत गए!



रेशमी! ये तुमने कैसे गिना कि चार घंटे बीत गए?
चार के आगे से आठ तक गिनो- पाँच, छह, सात, आठ- यानी 4
7
8
6
5
4
हाँ समझा! चलो अब काफी रात हो गई है, सुमी और चाची जी से मिलकर घर चलते हैं।


माँ! आज दोस्तों के साथ जन्मदिन में हम सभी ने बहुत मजे किए।
वाह! सुमी, देखो कितने सारे तोहफे भी मिल गए!
हाँ माँ, पूरे दस!!
1
2
3
4
5
6
7
8
9
10




अभी है बाकी गिनना







Counting - 2025-26

सत्र 2025-2026

उत्तर प्रदेश शासन

समग्र शिक्षा

Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

Content developed by Vikramshila Education Resource Society

Illustrated by Ram babu Pal